**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर।**

**प्रश्न**

5 (क) क्या सहकारिता मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव फेडरेशन लि0 (पी0सी0एफ0) में कितने जिला प्रबन्धक, क्षेत्रीय प्रबन्धक, गणक, सहायक गणक, सहायक भण्डार नायक तथा कनिष्ठ सहायक है, जो जनपद में 3 वर्षों से तथा मण्डल में विगत 5 वर्षों से निरन्तर कार्यरत है?

**उत्तर**

जी, हॉ। यू0पी0कोआपरेटिव फेडरेशन लि0 (पी0सी0एफ0) में जिला प्रबन्धक, क्षेत्रीय प्रबन्धक, गणक, सहायक गणक, सहायक भण्डार नायक तथा कनिष्ठ सहायक, जो जनपद में 03 वर्षो से तथा मण्डल में विगत 05 वर्षो से निरन्तर कार्यरत हैं, का विवरण निम्नवत् है :-

| श्रेणी | पदनाम | 3 वर्ष | 5 वर्ष |
|---|---|---|---|
| ख | क्षेत्रीय प्रबन्धक | -- | -- |
| ख | जिला प्रबंधक (प्रबंधक) | 01 | 00 |
| ग | जिला प्रबन्धक (उप-प्रबन्धक/ सहायक प्रबन्धक) | 08 | 00 |
| ग | गणक | 08 | 24 |
| ग | सहायक गणक | 15 | 42 |
| ग | सहायक/ भण्डार नायक | 33 | 112 |
| ग | कनिष्ठ सहायक | 65 | 251 |

(ख) क्या उक्त जनपद व मण्डल में तैनात कर्मचारियों का स्थानान्तरण कर सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

जी नहीं। पी0सी0एफ0 एक सहकारी संस्था है तथा वर्तमान में वित्तीय स्थिति सुदृढ़ नहीं है एवं कृषि सम्बन्धी परिस्थितियों के दृष्टिगत वर्तमान में स्थानान्तरण किये जाने से प्रदेश के कृषकों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है, इसलिये स्थानान्तरण किया जाना सम्भव नहीं है।

(ग) यदि नहीं, तो स्थानान्तरण न किये जाने के क्या कारण है?

पी0सी0एफ0 एक सहकारी संस्था है तथा वर्तमान में वित्तीय स्थिति सुदृढ़ नहीं है एवं कृषि सम्बन्धी परिस्थितियों के दृष्टिगत वर्तमान में स्थानान्तरण किये जाने से प्रदेश के कृषकों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है इसलिये स्थानान्तरण किया जाना सम्भव नहीं है।

जे0पी0एस0 राठौर
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
सहकारिता विभाग।